**NEWS CLIPPING: 16.11.2019**

**HINDUSTAN**



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने एनिमेशन प्रयोगशाला की शुरुआत कर निरीक्षण किया। ● हिन्दुस्तान

# छात्र एनिमेशन के गुर आसानी से सीख सकेंगे

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया के लिए अत्याधुनिक कम्प्यूटिंग एवं वीएफएक्स लैब को शुरू किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एनिमेशन फिल्म मेकिंग, 3डी एनिमेटिड डिजिटल अब्जेक्ट और स्पेशल इफेक्ट का गुर सीख सकेंगे। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस मौके पर कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष कोमल कुमार भाटिया तथा डॉ. आशुतोष दीक्षित उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2019**

## AMAR UJALA

# जेसी बोस में शुरू हुई एनिमेशन लैब

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) में शुक्रवार को एनिमेशन व मल्टीमीडिया लैब का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस लैब की मदद से विद्यार्थी एनिमेशन फिल्म मेकिंग में 3डी एनिमेटिड डिजिटल ऑब्जेक्ट बनाना सीख सकेंगे। स्पेशल इफेक्ट का भी ज्ञान इस लैब की मदद से मिलेगा। कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष कोमल कुमार भाटिया और डॉ. आशुतोष दीक्षित इस दौरान मौजूद रहे। डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि विवि ने तीन वर्षीय बीएससी एनिमेशन व मल्टी मीडिया का पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है। विभाग के पास 2-डी लैब पहले से थी। अब 3-डी व वीएफएक्स लैब भी उपलब्ध कराई गई है। ब्यूरो



वाईएमसीए में विद्यार्थियों से उनके लैब कार्य की जानकारी लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## HINDUSTAN

# दो दिवसीय 'जश्न-ए-फरीदाबाद' आज से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( वाईएमसीए) और फरीदाबाद लिटरेरी एंड कल्चर क्लब की ओर से शनिवार और रविवार को दो दिवसीय 'जश्न-ए-फरीदाबाद' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पुस्तक मेला, मुशायरा, एक शाम गालिब के नाम, मशहूर नाटक प्रस्तुत किया गया। फिल्म और फिल्मों का साहित्य में योगदान, अंतर विद्यालय चित्रकारी और कविता पाठ प्रतियोगिता और नाट्य एवं संगीत प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन लोकप्रिय लेखक, उपन्यासकार एवं नाटककार असगर वजाहत करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2019**

**HINDUSTAN**

# छात्रों के लिए अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

## कार्यक्रम

- नैक मान्यता के निदेशक और प्राचार्यों की बैठक
- कालेजों में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ जरूरी बताया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में शुक्रवार को सभी संबद्ध कॉलेजों के एनबीए और नैक मान्यता के निदेशक और प्राचार्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

इस दौरान उन्होंने कॉलेज के प्रतिनिधियों अकादमिक गतिविधियों के विषय में जानकारी दी। वहीं, विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कॉलेजों को एनबीए और नैक के लिए तैयार होने को कहा। इसके साथ ही कॉलेजों में नियमित कक्षाओं के संचालन और कालेजों में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के गठन करने को कहा गया। डीन (कॉलेज) डॉ. पीआर शर्मा और डिप्टी डीन (संबद्धता) डॉ. आशुतोष दीक्षित ने कॉलेजों की ओर से नये पाठ्यक्रम शुरू करने के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह, डॉ. प्रीति सेठी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2019**

**AMAR UJALA**

# 'जश्न-ए-फरीदाबाद' आज से शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय के माध्यम से आने वाले दो दिन 'जश्न-ए-फरीदाबाद' के रंग दिखाई देंगे। शनिवार से इसकी शुरुआत होने जा रही है। इस दौरान पुस्तक मेला, मुशायरा, एक शाम गालिब के नाम, मशहूर नाटक की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। साहित्य का फिल्मों में और फिल्मों का साहित्य में योगदान विषय पर परिचर्चा के साथ ही अंतर विद्यालय चित्रकारी, कविता पाठ, नाट्य एवं संगीत प्रस्तुति की जाएगी।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी भाषा के लोकप्रिय लेखक, उपन्यासकार व नाटककार असगर वजाहत के भाषण के साथ की जाएगी। फरीदाबाद लिटरेरी एंड कल्चर क्लब के संयुक्त में विश्वविद्यालय परिसर में 16 व 17 नवंबर को दो दिवसीय 'जश्न-ए-फरीदाबाद' कार्यक्रम मनाने जा रहा है। आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान के नेतृत्व में होगा। विद्यार्थी क्लब इस दौरान नाटक एवं संगीत प्रस्तुति करेगा। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 16.11.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय 'जश्न-ए-फरीदाबाद' कार्यक्रम आज

**फरीदाबाद|** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में 16 और 17 नवंबर को दो दिवसीय 'जश्न-ए-फरीदाबाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पुस्तक मेला, मुशायरा, एक शाम गालिब के नाम, मशहूर नाटक प्रस्तुत जिस लौहार नई देख्या, ओ जम्याई नई, परिचर्चा साहित्य का फिल्मों और फिल्मों का साहित्य में योगदान, अंतर विद्यालयीन चित्रकारी और कविता पाठ प्रतियोगिता और नाटय एवं संगीत प्रस्तुति का आयोजन होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में लेखक, उपन्यासकार एवं नाटककार असगर वजाहत तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य वक्ता रहेंगे।

**NEWS CLIPPING: 16.11.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# एनबीए और नैक मान्यता के लिए तैयार रहें: प्रो. दिनेश

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने सभी संबद्ध कॉलेजों को एनबीए और नैक मान्यता के लिए खुद को तैयार करने के लिए कहा है। यूनिवर्सिटी से संबद्ध फरीदाबाद व पलवल जिले के सभी कॉलेजों के निदेशक एवं प्राचार्यों की बैठक कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें कॉलेज के प्रतिनिधियों ने अकादमिक गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया गया। कुलपति ने कॉलेजों को एनबीए और नैक की तैयारी करने के लिए प्रेरित करते हुए सभी कॉलेजों में नियमित कक्षाओं के संचालन पर बल दिया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने संबंधित कॉलेजों में यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ बनाने और विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में सभी कालेजों में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के गठन पर भी चर्चा की गई।